This question paper contains 4 printed pages. Roll No.

# 1001-B

**Gen.Hindi**

## B.Com./B.Sc. (Part-I) EXAMINATION - 2022

(Faculty of Science)

(Common for B.Com./B.Sc.)

(Three Year Scheme of 10+2+3 Pattern)

# GENERAL HINDI

( सामान्य हिन्दी )

Time Allowed : Three Hours Maximum Marks : 100

*प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।*

*किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अत: परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।*

1. निम्नांकित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) रावण चक्रवर्ती राजा था। संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे मगर उसका अन्त क्या हुआ? घमण्ड ने उसका नाम-निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराए नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया। 5

**अथवा**

इन शहीदों की देह से जो गोलियाँ निकली, वे 'एकदम बुलेट' थी। अन्तर्राष्ट्रीय विधान के अनुसार इन गोलियों का प्रयोग युद्धों में भी वर्जित हैं, पर अंग्रेजी शासन के लिए उन दिनों न नियम थे, न पाबन्दियाँ। गोली मारना, जेल में ठूँस देना, पीटना, घर फूँकना ,गाँव उजाड़ देना और जाने क्या-क्या मामूली बात थी।

(ख) मैने देखा, उसका चेहरा अचानक बिजली के बल्ब की तरह चमक उठा और चमक उठी वे नीली आँखे, जो कोटरों में धँस गयी थीं और अरे चमक उठी हैं आज फिर वे चाँदी की बालियाँ और देखो, अपने को पवित्र कर लो, उसके चेहरे पर फिर अचानक लटककर चमक रही है वे लटें, जिन्हें समय ने धो-पोंछकर शुभ्र-श्वेत बना दिया है। 5

**अथवा**

यह एक ऐसा तथ्य है जो इस बात को स्थायी कर देता है कि राजस्थान में संस्कृति जीवन के उन्नत विकास का आधारभूत मूल्य है, जो यहाँ की कला और साहित्य में साकार हुआ है। जन्म, यज्ञोपवित, शिक्षारम्भ, विवाह-सगाई, वार-त्यौहार, मौसम और दैनिक जीवन की घटनाएँ और कार्य सभी कुछ गीतों के सरगम से पिरोए हुए हैं। इसी प्रकार मूर्तिकला, चित्रकला आदि भी राजस्थानी संस्कृति को नाना रूपों में जीवन्त बनाए हुए है।

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) गुरु गोविन्द तौ एक है, दुजा यहु आकार। 5

आपा मेट जीवत मरै, तो पावे करतार।।

निहचल निधि मिलाई तत, सतगुरु साहस धीर।

निपजी मैं साझी घणाँ, बाँटै नहीं कबीर।।

**अथवा**

निरगुन कौन देस कौ बासी।

मधुकर कहि समुझाइ, सौंह दे, बूझतिं साँचि न हाँसी

को है जनक, कौन है जननी, कौन नारि, को दासी ?

कैसे बरन, भेष है कैसो, किहिं रस मैं अभिलाषी ?

पावैगो पुनि कियौ आपनौ, जो रे कहैगौ गाँसी।

सुनत मौन हों रह्यौ बावरो, सूर सबै मति नासी।।

(ख) बसो मेरे नैनन में नंदलाल। 5

मोहनि मूरति, सांवरि सूरति, नैना बने विसाल।

अधर सुधारस मुरलि राजति, उर वैजंति माल।।

छुद्र घंटिका कटि-तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।

मीरा प्रभु संतन सुखदायी, भगत-बछल गोपाल।।

**अथवा**

रहिमन प्रीति न कीजिए, जस खीरा ने कीन।

ऊपर से तो दिल मिला, भीतर फाँकि तीन।।

रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून।

पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।।

3. (क) 'बड़े भाई साहब' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए। 7½

**अथवा**

'सिकन्दर और कौआ' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

(ख) 'रजिया' रेखाचित्र के आधार पर रजिया का चरित्र-चित्रण कीजिए। 7½

**अथवा**

'जीप पर सवार इल्लियाँ' एक सफलतम व्यंग्यपूर्ण रचना है, स्पष्ट कीजिए।

4. (क) संत कबीर के काव्य में व्यक्त दार्शनिक विचारों को स्पष्ट कीजिए। 7½

**अथवा**

सूरदास की भक्ति-भावना का प्रतिपादन कीजिए।

(ख) निराला द्वारा रचित **'वह तोड़ती पत्थर'** कविता में व्यक्त सामाजिक-आर्थिक चेतना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 7½

**अथवा**

'हिरोशिमा' कविता की मूल संवेदना सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

5. (क) निम्नांकित में से **किसी एक** विषय पर **300** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(i) ऑनलाइन शिक्षा

(ii) कोरोना महामारी

(iii) राजस्थान में पर्यटन की संभावनाएँ

(iv) विज्ञान और मानवता का भविष्य

(ख) (i) अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए। 8

**अथवा**

कार्यालय आदेश से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(ii) प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर की ओर से प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, सीकर के नाम एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए जिसमें राज्य-स्तरीय भाषण प्रतियोगिता की सूची भेजने का अनुरोध किया गया हो।

**अथवा**

सांभरलेक पंचायत समिति के विकास हेतू सरपंच की ओर से एक ज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए।

(ग) निम्नांकित अवतरण का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 4

किसी देश की उन्नति या अवनति उस देश के साहित्य पर अवलम्बित है। चाहे तो वह देश को उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचा दे और चाहे तो अवनति के गर्त में गिरा दे। कवि रवि की पहुँच से भी अधिक प्रकाश करता है। वही निर्जीव जाति में प्राण-प्रतिष्ठा करता है और निराशापूर्ण हृदय में आशा का संचार करता है। वही राजनीति को प्रेरणा देता है तथा राजनीतिज्ञों का पथ प्रदर्शन करता है। वही अतीत के गौरव-गीत गाता है और साथ ही भविष्य की स्वर्णिम कल्पना करता है। वही सोई हुई जाति को जगाता है और उत्साह का संचार करता है। https://www.uoronline.com

**अथवा**

नारी त्याग और तपस्या की अद्‌भुत विभूति है। इन्हीं दोनों तत्वों के समन्वय से हमारी भारतीय नारी का स्वरूप संगठित हुआ है। नारी जीवन का मूल मन्त्र है - त्याग। इस मंत्र को सर्वसिद्ध करने की ताकत दी है उसकी तपस्या ने। हम ठीक-ठीक कह सकते हैं कि उसके जीवन के किस अंश में इन महनीय तत्वों के विलास के दर्शन हमें नहीं मिलता है। परन्तु यदि हम उसके पूर्व जीवन की 'तपस्या' का काल तथा उत्तर जीवन को 'त्याग' का काल मानें तो अनुचित न होगा। नारी के तीन रूप दिखाई देते हैं – कन्या रूप, भार्या रूप, मातृ रूप। कौमार्य काल नारी जीवन की साधनावस्था है और उत्तरकाल उस जीवन की सिद्धावस्था है। हमारी संस्कृति के उपासक कवियों ने नारी की इन तीनों अवस्थाओं का चित्रण बड़ी सुन्दरता से किया है।

(घ) निम्नलिखित में से किसी एक पंक्ति के अर्थ का पल्लवन कीजिए : 5

(i) परहित सरिस धर्म नहीं कोई।

(ii) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(ङ) किसी एक उपसर्ग से दो शब्द बनाइए : 2½

(i) अभि

(ii) अन

(च) किसी एक प्रत्यय से दो शब्द बनाइए : 2½

(i) ऐरा

(ii) इया

(छ) किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध लिखिए : 2

(i) रचियता

(ii) अनुगृह

(iii) पूज्यनीय

(iv) निरोग

(ज) निम्नांकित में से किन्हीं तीन वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 3

(i) ईश्वर के अनेकों नाम है।

(ii) मैं प्रात:काल के समय घुमता हूँ।

(iii) पेड़ पर कोयल बोलती है।

(iv) रविवार के दिन यह ऑफिस बन्द रहता है।

(v) गुलामी की दासता बुरी है।

(झ) निम्नांकित में से किन्हीं दो मुहावरों या लोकोक्ति का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 5

(i) आस्तीन का साँप।

(ii) आकाश पाताल एक करना।

(iii) लाल पीला होना।

(iv) दाँतों तले अंगुली दबाना।

(ञ) किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए : 5

(i) ACADEMIC

(ii) APPROVAL

(iii) GRANT

(iv) LOGO

(v) RIGHT

(vi) CIRCULAR

(vii) GAZETTE

(ट) संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

विशेषण को परिभाषित करते हुए इसके भेद बताइए।

-o0o-